फायरिंग मामले में तीन आरोपी नामजद, एक गिरफ्तार

बाड़मेर, (कासं)। गत 24 व 25 जुलाई की मध्यरात्रि में सरहद महाबार मे रात्रि मे एक फोरच्यूनर गाडी में सवार अज्ञात मुलजिमानो द्वारा केम्पर गाड़ी में सवार युवको पर फायरिंग करने के प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात अपराधियो को ट्रेस आउट करते हुए तीन आरोपियों को नामजद किया है व एक आरोपी ओमप्रकाश पुत्र शेराराम जाट निवासी डूंगेरो का तला पुलिस थाना सदर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आले दर्जे के अपराधी है जिनके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि गत 25 जुलाई को प्रार्थी शम्भूसिंह पुत्र चनणसिंह राजपूत निवासी दुधवा पुलिस थाना चौहटन ने पुलिस थाना सदर बाडमेर पर रिपोर्ट पेश कर बताया कि 24 व 25 जुलाई की रात्रि करीब 1.20 बजे मैं व मेरे साथ तीन व्यक्ति बोलेरो केम्पर से राणीगांव से महाबार की तरफ आ रहे थे। सरहद महाबार में अडगडानन्द आश्रम के पास सडक के बीच मे एक फोरच्युनर गाडी खडी थी जिसमे 4-5 व्यक्ति बैठे थे। हार्न बजाकर साईड मांगी, मगर साईड नही दी, गाडी को आगे आगे चलाते हुए महाबार मरूधरा बैक के पास अपनी गाडी रोकी। मैं व मेरे साथी गाडी से उतरकर फोरच्यूनर गाडी के पास आये तो चालक के पास बैठे व्यक्ति ने फाटक खोलकर पिस्टल निकाली। हम डरकर भागकर पास स्थित एक ढाणी मे छुप गये। उसने जान से मारने की नियत से चलती गाडी से हमारी केम्पर गाडी पर तथा हमारी तरफ फायर किए और भाग गये। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि फायरिंग की सूचना सदर पर प्राप्त होने पर सहायक उप निरीक्षक तगाराम, ड्यूटी अधिकारी सदर मय जाब्ता के तुरन्त मौके पर पहुंचे व घटना की पूर्ण जानकारी प्राप्त की गई। मौके पर बोलेरो केम्पर वाहन पर फायरिंग करने के निशान पाये गये। जिस पर थानाधिकारी सदर, वृताधिकारी वृत बाडमेर मय टीमो को घटनास्थल पर भेजा जाकर सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर वाहन एवं अपराधियो की दस्तयाब के लिए जिले मे नाकाबन्दी करवाई गई। मौके पर डीएसटी, एमओबी व एफएसएल टीमो को भेजा जाकर साक्ष्य संकलन किया गया। मामले में गठित पुलिस टीमों द्वारा प्रार्थी व वाहन मे सवार अन्य व्यक्तियो से घटना की सम्पूर्ण जानकारी के आधार पर घटनास्थल के आस पास रहने वालो लोगो, अपराधियो के भागने के रूट का पता कर हाईवे पर स्थित होटलो व आसूचना के आधार पर संदिग्ध फोरच्युनर गाडी व व्यक्तियो के सम्बन्ध मे जानकारी जुटाई गई।

मुलजिम की दस्तयाबी पुलिस टीमो द्वारा गहन अनुसंधान करते हुए अपराधी के भागने के रूट का पता लगाकर, गहन छानबीन करते हुए, तकनिकी व आसूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियो की जानकारी करते हुए मुखबीर की सूचना पर संदिग्ध ओमप्रकाश पुत्र शेराराम जाति जाट निवासी डुगेरों का तला पुलिस थाना सदर बाडमेर को दस्तयाब कर गहनता से पूछताछ करने पर उक्त फायरिंग की घटना मे शामिल होना स्वीकार किया। आरोपी ओमप्रकाश से गहन पूछताछ करने पर इस वारदात मे मुख्य आरोपी स्वरूप उर्फ स्वरूपाराम पुत्र दौलाराम जाति जाट निवासी बानों की बेरी, दूधु पुलिस थाना धारोमन्ना व नरपत कुमार पुत्र पन्नाराम जाति जाट निवासी सुरते की बेरी, दूधु पुलिस थाना धारोमन्ना व एक अन्य व्यक्ति का शामिल होना बताया है। फार्च्यूनर वाहन स्वरूप उर्फ स्वरूपाराम का होना तथा पिस्टल से फायर भी स्वरूप उर्फ स्वरूपाराम द्वारा करना बताया है। जिनकी गिरफ?तारी हेतु पुलिस थाना सदर, धोरीमन्ना व डीएसटी की टीमों को विशेष निर्देश दिये जाकर वाहन व आरोपियो की दस्तयाबी के प्रयास किये जा रहे है।

एसपी मीणा ने बताया कि वारदात में शामिल मुख्य अपराधी स्वरूप उर्फ स्वरूपाराम पुलिस थाना धोरीमन्ना का हार्डकोर व हिस्ट्रीशीट है जिसके विरूद्ध दस प्रकरण दर्ज हो रखे है। मुलजिम की गिरपतारी पर पुलिस अधीक्षक बाडमेर द्वारा 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया हुआ है। वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी नरपत कुमार पुत्र पन्नाराम जाति जाट निवासी सुरते की बेरी, दूधु पुलिस थाना धोरीमन्ना भी बदमाश व मादक पदार्थ तस्कर है जिसके विरूद्ध 7 प्रकरण एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के दर्ज हो रखे है।

शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) आंदोलन करेगा, उपशाखा चुनाव की तिथियां घोषित

पाली,(नि.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) पाली की जिला स्तरीय बैठक आज बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला मंत्री ओमप्रकाश कुमावत के संचालन एवं जिला अध्यक्ष संग्रामसिंह राणावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी शैतान सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, उपशाखा अध्यक्ष, मंत्री व महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। जिला मंत्री ओमप्रकाश कुमावत ने संघीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के साथ हुई वार्ताएं संतोषजनक नहीं रहीं, जिसके चलते संगठन ने आंदोलन का निर्णय लिया है। प्रमुख मांगों में सभी संवर्गों के लंबित स्थानांतरण व पदोन्नित, वेतन विसंगति निवारण, शिक्षकों को गैर-शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करना, संविदा व पैरा-शिक्षकों का स्थायीकरण, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, सेवा अवधि में न्यूनतम तीन पदोन्नितयां तथा 18 वर्ष बाद राजपत्रित अधिकारी का दर्जा शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को मुख्यमंत्री व 14 अगस्त को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा ने सभी शिक्षकों से अधिक संख्या में भाग लेने का आहवान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैतान सिंह ने उपशाखा चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि संगठन में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया का निष्पक्ष एवं पारदर्शी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को रोहट, मारवाड़ जंक्शन, बाली व देसूरी उपशाखाओं में तथा 31 अगस्त को पाली, सोजत व सूमेरपुर उपशाखाओं में चुनाव होंगे। उन्होंने सभी उपशाखाओं में नियुक्त चुनाव अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि चुनाव कार्य पूरी निष्ठा और संविधानानुसार सम्पन्न किए जाएं, ताकि संगठन की विश्वसनीयता और एकजुटता बनी रहे।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय पाली की जिला स्तरीय बैठक बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला मंत्री ओमप्रकाश कुमावत के संचालन एवं अध्यक्ष संग्रामसिंह राणावत की अध्यक्षता में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जयदेव पाठक जयंती की तैयारी

17 अगस्त को जोधपुर में आयोजित होने वाले श्रद्धेय जयदेव जी पाठक जयंती समारोह में जिले से अधिकाधिक कार्यकर्ता एवं महिला सदस्य की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जिला अध्यक्ष संग्रामसिंह राणावत ने बताया कि इस वर्ष जिले में 7145 सदस्य हैं, जो कार्यरत शिक्षकों का 75 है तथा सदस्यता में 12 की वृद्धि हुई है। सितंबर में रोहट उपशाखा में जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित होगा, जिसके संयोजक दिलीप सिंह को बनाया गया।

सोजत उपशाखा अध्यक्ष भारत सिंह ने एमडीएम कुक-कम-हेल्पर के मानदेय भुगतान में हो रही देरी की समस्या रखी। उन्होंने कहा कि कार्यालय सोजत द्वारा इसकी पूरी जांच करके पाली भिजवाने पर भी भुगतान नहीं होना स्पष्ट रूप से अनियमितता में आता है।

जिला अध्यक्ष संग्रामसिंह राणावत ने बैठक के अंत में सभी उपस्थित साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत इसकी एकजुटता और सक्रियता में है, और आज की बैठक ने यह साबित कर दिया है कि पाली जिला संगठन के हर निर्णय में अग्रणी रहेगा। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी, उपशाखा अध्यक्षों, महिला कार्यकर्ताओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले आंदोलन और चुनाव दोनों में जिले की भागीदारी पूरे प्रदेश में उदाहरण बनेगी।

जिला सयुंक्त बैठक में उपशाखा अध्यक्ष भगवान सिंह (पाली), दिलीप सिंह (रोहट), शेषाराम बरूपाल (मारवाड़ जंक्शन), मूलचंद गर्ग (बाली), भारत सिंह (सोजत), विक्रम मीना (देसूरी) साहित जिला कार्यकारिणी सदस्य - उदाराम मकवाना, छेलेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह जैतावत, शक्तिसिंह, महेन्द्रसिंह जैतावत, अमरचंद सामरिया, नरेश सेन, मुकनाराम बावल, उर्मिला यति, कुसुम गोस्वामी, बबिता गोस्वामी, उदयसिंह, महेन्द्र सिंह महेचा, दिलीप सिंह, घनश्याम मालवीय, प्रतापसिंह, घीसुलाल सुथार, मदन ननिवाल, ओमप्रकाश वैष्णव, मुकेश जांगिड़, मंगलसिंह भाटी, महिपाल सिंह, मगाराम सोलंकी आदि पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ पर सुनी 'मन की बात'

जालोर में भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना। फोटो राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार जालौर जिले के सभी मंडलों और प्रत्येक बूथ स्तर पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसारित 'मन की बात' के 124वें संस्करण का सीधा प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम के जिला संयोजक सुरेश सोलंकी ने बताया कि इस आयोजन में बूथ स्तर पर बडी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया तथा प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।जिला मुख्यालय पर नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी के नेतृत्व में मन की बात सुनी गई।

जालोर नगर में कार्यक्रमों के दौरान नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी,मन की बात जिला संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी, पूर्व जिलामंत्री हरीश राणावत, जिला कार्यालय मंत्री डिंपलसिंह चौहान, अंबालाल व्यास,मुकेश राजपुरोहित, दिनेश महावर, महेश भट्ट, सुरेश सुन्देशा, रामाराम माली,रमेश मेघवाल, गोविंद राणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मन की बात जिला संयोजक सुरेश सोलंकी ने बताया कि जिले के सभी बूथों पर डिजिटल माध्यम, रेडियो व टीवी के जरिये कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना गया। इस आयोजन ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जागृत किया।

नेत्र कुम्भ में दूर दराज से पहुंचे काफी लोग

पोकरण/रामदेवरा, (निसं)। लोकदेवता बाबा रामदेव नेत्र कुम्भ-2025 के अंतर्गत जाट धर्मशाला के सामने चल रहे नेत्र महाशिविर में दूर-दराज से बडी संख्या में लोग आँखों की जाँच और नि:शुल्क चश्मा प्राप्त करने के लिए पहुँच रहे हैं।

शिविर के दूसरे दिन 2 अगस्त को कुल 1732 व्यक्तियों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 1723 की नेत्र जाँच की गई। इनमें से 1393 लोगों को चश्मा तथा 1387 मरीजों को नि:शुल्क दवा भी प्रदान की गई। रविवार सुबह शिविर प्रारंभ होने से पहले ही बडी संख्या में जातरु परिसर में जुट गए। सोजत सिटी से आए दिव्यांग भागीरथ अपनी माता और पत्नी के साथ नेत्र जाँच के लिए पहुँचे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें व्हील चेयर द्वारा ओपीडी तक पहुँचाया, जहाँ उनकी जाँच करवाई गई और दवा व चश्मा भी दिया गया। इस सेवा से अभिभूत भागीरथ ने इसे विश्वस्तरीय सेवा बताते हुए कहा कि वे अपने शहर के अन्य लोगों को भी यहाँ आकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेंगे। सेवा, समर्पण और श्रद्धा का अद्भुत संगम बनकर उभरा।

जोधपुर रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक किया

जोधपुर, (कांस)। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति यात्रियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज जोधपुर रेलवे स्टेशन पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर यात्रियों एवं आमजन को प्लास्टिक के उपयोग से नुकसान व वैकल्पिक समाधानों के बारे में जागरूक किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक न केवल पर्यावरण को हानि पहुंचाता है, बल्कि जल स्त्रोतों, पशुओं तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में यह आ ान किया गया कि सभी नागरिक प्लास्टिक का उपयोग छोड़कर पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाएं तथा रेलवे परिसर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

रजवाड़ी लहरिया सावन उत्सव में 215 महिलाओं ने की भागीदारी

पाली, (नि.सं.)। महिला सुरक्षा सहयोगी समिति पाली एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भव्य रूप से रजवाड़ी लहरिया सावन उत्सव का आयोजन किया गया।

रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक छतरियों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं की उपस्थिति ने आयोजन स्थल को सावन महोत्सव के मनमोहक रंगों से सराबोर कर दिया। उत्साह और उल्लास से भरपूर इस आयोजन में 215 से भी अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाली पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना उपस्थित रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर महिलाओं को संबोधित करते हुए पूजा अवाना ने कहा कि महिलाएं हमारी संस्कृति की वास्तविक संरक्षक हैं। उनकी भागीदारी और सक्रियता से ही हमारे त्यौहार और परंपराएं जीवित रहती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष भर आयोजित होने वाले ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति में एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं।

समिति की सचिव अचला शर्मा ने बताया कि आयोजन में भाग लेने वाली सभी महिलाओं के लिए प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क था। कार्यक्रम में आयोजित विशेष लहरिया नृत्य प्रतियोगिता में करीब 44 महिलाओं ने राजस्थानी लोकगीतों व सावन गीतों पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी दर्शकों ने खूब सराहना की।

कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न श्रेणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को आकर्षक मोमेंटो एवं विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता में बेस्ट सुंदरता का पुरस्कार पूजा चौधरी को दिया गया। बेस्ट वेशभूषा में मोनिका दवे को चुना गया। बेस्ट नृत्य का पुरस्कार अनिता कंवर ने अपने नाम किया। सेकंड बेस्ट नृत्य पुरस्कार रेखा श्रीमाली को मिला।बेस्ट महिला एंट्री पुरस्कार से रेणु कंवर सम्मानित हुईं।

इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष दिनेश मेहता, सचिव वर्धमान भंडारी एवं कोषाध्यक्ष नीलकमल दायमा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही दिलीप गहलोत, राजकुमार मेड़तिया, राजेंद्र सिंह राजपुरोहित, डॉक्टर बॉस, डॉक्टर गौरव कटारिया, डॉक्टर पूजा मेघानी एवं अनु माली सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन कमलेश सोनी एवं रवि कुमार चौहान ने किया। आयोजन की भव्यता और सफलता में रेणु कंवर, रामपाल शर्मा, विनीता बेगानी, रेखा श्रीमाली, अनिता माली, डॉक्टर सरिता परिहार, आर.डी. वैष्णव, गुरमीत कौर, रवि चौहान, कमलेश सोनी, अनिता शर्मा, विकास तंवर, सरोज कंवर, संध्या दवे, अंशु राठौड़, पल्लवी माथुर सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आयोजन में पधारी महिलाओं ने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की अपील की, जिससे युवा पीढ़ी भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी रहे।

पौधारोपण कर ग्रामीणों ने हरियाली का संदेश दिया

जालोर, (कासं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत बादनवाडी की ओर से रविवार को गांव में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर गांव के चारों तरफ सडक किनारों पर सैकडों पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में गांव के लोगों ने उत्साह से भाग लिया और हरियाली को लेकर संकल्प लिया।

पौधरोपण कार्यक्रम के लिए भामाशाह द्वारा लोहे की जालियां (गार्ड) दी गईं, जिससे पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वही ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लाए गए, जिन्हें गांव की सीमाओं पर लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने तय किया कि हर व्यक्ति अपने लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख करेगा। पौधों को समय पर पानी देना, उनकी सुरक्षा करना और बडा करना सभी की जिम्मेदारी होगी।

- **जालोर के ग्राम पंचायत बादनवाडी ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया**

इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति अगर एक पौधा लगाए और उसे जीवित रखे,पेड-पौधे जीवनदायी हैं और इनका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। पंचायत की इस पहल से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि गांव की सुंदरता भी बढेगी। इस तरह के कार्यक्रम आने वाली पीढियों को स्वच्छ हवा और हरित वातावरण देने की दिशा में मजबूत कदम हैं।

किरण चौधरी बादनवाडी ने बताया कि, हम सभी ग्रामीणों ने मिलकर पौधे लगाए हैं। अब हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पौधा जिंदा रहे और बडा हो। हर ग्रामीण अपने-अपने पौधों की देखरेख करेगा। ग्राम पंचायत के द्वारा प्रतिदिन पौधों की नित्य देखरेख, पानी और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी है।

पंचायत की टीम समय-समय पर निरीक्षण भी करेगी। इस दौरान ग्रामीणजन मौजूद रहे।

फींच में विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

जोधपुर, (कांस)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं लोकार्पण और शिलान्यास समारोह रविवार को ग्राम पंचायत फींच में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और राजस्थान जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 311.46 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 8 लाख रूपये के विकास कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया।

पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण की दिशा में अनवरत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक राजस्थावासी का जीवन खुशहाल और समृद्ध हो। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा) के माध्यम से गरीब और वंचित परिवारों को 25 लाख रूपए तक नि:शुल्क इलाज उपलब्ध करवा रही है। यह सिर्फ एक स्वास्थ्य बीमा योजना नहीं बल्कि लाखों जीवन को बचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा मा वाउचर योजना से प्रतिमाह 25 हजार गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोठाफी का लाभ दिया जा रहा है।

पटेल ने कहा राज्य सरकार युवा कल्याण एवं उन्हें रोजगार देने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने 5 वर्ष 4 लाख सरकारी नौकरी और निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर देने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा अब तक 76 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को नियुक्तियां दी गई है। 81 हजार से अधिक पदों का परीक्षा कैलेंडर और 26 हजार भर्तियों के विज्ञापन जारी हो चुके हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा विगत डेढ़ वर्ष में लूणी क्षेत्र के समठा विकास के लिए अनेक सौगातें मिली है। उन्होंने कहा केवल सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से 3 अरब के सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा क्षेत्रवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सांगरिया में सैटलाइट अस्पताल, केरू में ट्रॉमा सेंटर सहित कई नवीन स्वास्थ्य केंद्र खोले गए है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मां अमृतादेवी सहित 363 लोगों ने खेजड़ी के वृक्षों की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की। उनका बलिदान न केवल प्रदेश, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्य सरकार इन बलिदानियों की गौरवगाथा को चिरस्थायी बनाने के लिए सतत प्रयासरत है, ताकि भावी पीढ़ी भी उनसे प्रेरणा लेकर प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखें।

गुरूजनों की जयंती पर सजोड़े जाप का आयोजन किया

सजोड़े जाप कार्यक्रम के लिए महिलाओं ने लाल साड़ी और पुरुषों ने सफेद वस्त्र पहने। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली के आचार्य श्रीरघुनाथ स्मृति जैन भवन में धार्मिक कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। आचार्य श्री रघुनाथ स्मृति जैन भवन में साध्वी शीतल महाराज साहब के सानिध्य में गुरुदेव मिश्रीमल म सा और गुरुदेव रूप मुनि की जयंती के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत रविवार को सजोड़े जाप का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने लाल साड़ी और पुरुषों ने सफेद वस्त्र पहन सुबह 9:00 से 10:30 बजे तक जप में भाग लिया।

इस अवसर पर साध्वी शीतल जी महाराज ने कहा मानवता का मसीहा अहिंसा एवं करुणा से भरपूर

श्रमण सूर्य गुरुदेव मिश्रीमल जी महाराज साहब की जन्म स्थली पाली में सप्त दिवसीय धर्म ध्यान .तप, त्याग और सेवा के रूप में मना रहे हैं ।ज्योति पुंज जन जन की आशा की किरण मृदुता, सहजता ,सरलता एवं शांति का अठारत, साहित्य शिल्पी, समाज एवं देश चिंतक हर क्षेत्र में संगठन का पक्षधर ,.गरीबों का मसीहा ,क्रांति किरण समाज को शाश्वत दिशा प्रदान करने वाला श्रमण मरा नहीं है ।सदा अमर है ।उनके व्यक्तित्व कृतित्व की किरणें हमारा पथ प्रशस्त कर रही है ।मां केशर की कुक्षी से केसर की सुगंध और उष्मा प्राप्त कर पिता श्री शेषमलजी सोलंकी के आंगन में पाली में जन्म लेकर जैतारण मे स्वर्ग सिधार गये । सुदीर्ध 65 वर्ष की श्रमण पर्याय की अनुपालना करने वाले वचन सिद्ध थे ।

संघमन्त्री पदमचंद लालवाणी ने कहाआज तीन सामायिक की धर्म प्रभावना जवरीलाल शरबत जी सचिनजी पगारिया परिवार प्रवचन प्रभावना सुरेंद्र हेमंत लोढा परिवार सजोड़े जाप की प्रभावना मांगीलाल जी गणेश सौरभ संचेती लकी ड्रा के लाभार्थी किस्तुर हितेष तातेड परिवार कल एकासन दिवस रहेगा एवं .गायों को लापसी दी जाएगी।

छगनलाल सालेचा नैत्रहीन विकास उद्योग समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने

पाली, (नि.सं.)। नैत्रहीन विकास उद्योग समिति की साधारण सभा की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में संस्था के अध्यक्ष पद का चुनाव किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई।

अध्यक्षीय पद के चुनाव को लेकर एल.पी.आर मेहता, सोहनलाल जोशी एवं कालू प्रकाश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

विठ्ठल भाई सांखला द्वारा अध्यक्ष पद हेतू छगनलाल जी सालेचा का नाम प्रस्तावित किया गया, उक्त प्रस्ताव का समर्थन तेजपाल जैन द्वारा किया गया इसी प्रस्ताव का समर्थन श्री लखपत राज सिंघवी तथा श्री देवराज शर्मा द्वारा भी किया गया।

सर्वसम्मति से निर्विरोध छगनलाल सालेचा का अध्यक्ष हेतू निर्वाचन किया जाकर पद की शपथ सोहनलाल जोशी द्वारा दिलाई गई।

बैठक में साधारण सभा के सभी सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। सभा में पूर्व सचिव विठ्ठल भाई सांखला द्वारा अपने कार्यकाल की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कोषाध्यक्ष सुरेश अरोड़ा द्वारा अपने कार्यकाल का वित्तीय ब्यौरा पेश किया गया।

इस अवसर पर संस्था के डॉ के.एम.शर्मा, भूपेश नारायण शर्मा, इन्द्र प्रकाश जांगीड़, युवराज सिंह, राजेश कुमार अरोड़ा, विशनलाल भण्डारी, घनश्याम भटनागर, धर्मेन्द्र कुमार सिंघवी, ललित कुमार मेहता, दिनेश जांगीड, जितेन्द्र नाहर, बबीता फोफलिया, दिनेश चंद मेहता इत्यादि सदस्यों द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष का माल्यार्पण किया गया।